प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झामुमो के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पूरे राजकीय सम्मान के साथ झारखंड विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि, राज्यपाल सहित कई नेताओं ने गुरु जी के निधन पर जताई गहरी संवेदना, अंतिम संस्कार आज पैतृक गाँव रामगढ़ के नेमरा में।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावुक पोस्ट में पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि, कहा – झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया, पिता के सपनों को पूरा करने का किया वादा।
3. भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा विमानन बाजार बना, पिछले साल 21 करोड़ से अधिक यात्रियों ने की हवाई यात्रा।
4. हजारीबाग में भीषण सड़क हादसा, एंबुलेंस की ट्रक से टक्कर में एक की मौत, तीन घायल, पुलिस ने शुरू की जांच।
5. मौसम विभाग ने आज राज्यभर में तेज हवा और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में तेज हवा और रुक–रुक कर बारिश का जताया पूर्वानुमान।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पूरे राजकीय सम्मान के साथ झारखंड विधानसभा में श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, राज्य के मंत्रीगण, विधायकगण और विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। विधानसभा परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पहले कई वरिष्ठ नेताओं ने रांची के मोराबादी स्थित उनके आवास में दिवंगत शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद पप्पू यादव, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी मौजूद रहे।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिबू सोरेन का जीवन जनजातीय अस्मिता, अधिकार और सामाजिक उत्थान को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड उन्हें सदैव आदर और गर्व के साथ याद करेगा, उनका योगदान अविस्मरणीय है।

वहीं सांसद पप्पू यादव ने दिवंगत नेता को नमन करते हुए कहा कि एन्होंने राजनीतिक जीवन में गुरूजी से बहुत कुछ सीखा और उनसे बहुत प्रभावित रहे।

स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुये पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि गुरुजी के निधन से गरीब, दलित और आदिवासियों की आवाज़ चली गई।

कल जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा मैदान में सावन की अंतिम सोमवारी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिस में भाजपा सांसद सह गायक मनोज तिवारी ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत में मनोज तिवारी ने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी और कहा कि झारखंड निर्माण में गुरु जी शिबू सोरेन का योगदान अतुल्य है।

****************

दिशोम गुरु का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव रामगढ के नेमरा में किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम संस्कार में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव और अन्य राज्यों के नेता भी शामिल होंगे।

स्वर्गीय शिबू सोरेन के निधन पर पूरे राज्य में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में आज तक के लिए अवकाश की घोषणा कर दी गयी है। रांची के अधिकांश स्कूलों ने आज स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। इधर, झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में पिता को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि मेरे सिर से सिर्फ पिता का साया नहीं गया, झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया। झारखंड आंदोलन के प्रणेता और राज्य के गौरव, दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष, सादगी और जनता के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें झारखंड की आत्मा बताया। मुख्यमंत्री ने वादा किया कि वे अपने पिता के सपनों को अधूरा नहीं रहने देंगे और झारखंड को कभी झुकने नहीं देंगे।

****************

भारत विश्व के पांचवें सबसे बड़े विमानन–बाजार के रूप में उभरा है। यहां पिछले वर्ष लगभग 21 करोड़ दस लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की और मुंबई – दिल्ली सबसे व्यस्त रूट रहा। 2024 में विश्व वायु– परिवहन के बारे में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिवहन संघ ने यह आकड़े जारी किये।

****************

साहिबगंज जिले में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के तहत विकास कार्यों का लाभ लोगों को मिल रहा है।

****************

हजारीबाग के एनएच–33 पर भारत माता चौक के पास कल देर रात रांची से शव लेकर बेतिया जा रही एंबुलेंस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

****************

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर उच्च– शुल्क लगाने की अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई चेतावनी के बीच आज घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती गिरावट देखी गई। संसेक्स 333 अंक गिरकर 80 हजार 665 पर आ गया जबकि निफ्टी 91 अंक गिरकर 24 हजार 632 पर कारोबार कर रहा था।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार 2 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 19 हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां सहित कई जिलों में वज्रपात की आशंका जताई है। साथ ही राज्यभर में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।